# FIRST INFORMATION REPORT
**(Under Section 173 B.N.S.S)**
**प्रथम सूचना रिपोर्ट**
**(धारा 173 बी एन एस एस के तहत)**

1. **District/Unit (जिला/इकाई):** लखनऊ पूर्वी (कमिश्नरेट लखनऊ) **P.S. (थाना):** गाज़ीपुर **Year (वर्ष):** 2026

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0233 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 09/07/2026 20:39 घंटे

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 318(4) |
| 2 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 338 |
| 3 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 336(3) |
| 4 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 340(2) |
| 5 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 351(3) |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** हस्तक्षेप दिन **Date from (दिनांक से):** 29/08/2022 **Date To (दिनांक तक):** 17/03/2026

**Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** 00:00 बजे **Time To (समय तक):** 00:00 बजे

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 09/07/2026 **Time (समय):** 20:39 बजे

(c)

**General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):**

**Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 070

**Date and Time (दिनांक और समय):** 09/07/2026 20:39 बजे

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** पूर्वोत्तर, 02 कि. मी.

   **Beat No. (बीट सं.):**

   **(b) Address (पता):** आर बी एल बैंक इन्दिरानगर, शाखा निकट एचएएल,बीट-आरावली

   **(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

   **District (State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

   (a) **Name (नाम):** मलय मोहन  शाखा प्रबन्धक आर0बी0एल0

   (b) **Father's/Husband's Name (पिता/पति का नाम):**

   (c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 1986

   (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** भारत

   (e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

   (f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

   **Date of Issue (जारी करने की दिनांक):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

   (g) **ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))**

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

**(h)** **Occupation (व्यवसाय):**

**(i)** **Address (पता):**

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | वर्तमान पता | आर0बी0एल0 बैंक इंदिरा नगर, शाखा निकट एच0ए0एल0 गेट, गाज़ीपुर, लखनऊ पूर्वी (कमिश्नरेट लखनऊ), उत्तर प्रदेश, भारत |
| 2 | स्थायी पता | आर0बी0एल0 बैंक इंदिरा नगर, शाखा निकट एच0ए0एल0 गेट, गाज़ीपुर, लखनऊ पूर्वी (कमिश्नरेट लखनऊ), उत्तर प्रदेश, भारत |

**(j)** **Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):** 91-91000XXXXX

**7. Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

**Accused More Than (अज्ञात आरोपी एक से अधिक हों तो संख्या):** 0

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डा0अमोद कुमार सचांन | | पिता का नाम : श्री राधे श्याम सचांन | 1. ए-472 नील गिरी काम्पलेक्स,इन्दिरानगर,गाज ीपुर,लखनऊ पूर्वी (कमिश्नरेट लखनऊ),उत्तर प्रदेश,भारत |
| 2 | श्रीमती ऋचा मिश्रा | | पति का नाम : डा अमोद कुमार सचांन | 1. ए-472 नील गिरी काम्पलेक्स,इन्दिरानगर,गाज ीपुर,लखनऊ पूर्वी (कमिश्नरेट लखनऊ),उत्तर प्रदेश,भारत |

**8. Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

**9. Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**10. Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):**

**11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):**

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

**12. First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

नकल तहरीर हिन्दी टाईपशुदा........ न्यायालय श्रीमान विशेष मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (कस्टम्स) महोदय, लखनऊ प्रार्थना पत्र द्वाराः मलय मोहन, शाखा प्रबंधक, आरबीएल बैंक, इंदिरा नगर शाखा, निकट एचएएल गेट, इंदिरा नगर, लखनऊ-226016___ प्रार्थी बनाम 1. डा अमोद कुमार सचांन पुत्र श्री राधे श्याम सचांन, निवासी ए-427, नील गिरि कामप्लेक्स, इन्दिरा नगर, लखनऊ, 2. श्रीमती ऋचा मिश्रा पत्नी डा अमोद कुमार सचांन, निवासी ए-427, नील गिरि कामप्लेक्स, इन्दिरा नगर, लखनऊ ___अभियुक्तगण सम्बधित थाना गाजीपुर प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 173 (4) बी एन एस एस यह कि प्रार्थी मलय मोहन,आरबीएल बैंक, इंदिरा नगर शाखा, निकट एचएएल गेट, इंदिरा नगर, लखनऊ-226016 में शाखा प्रबंधक (वाइस प्रेसिडेंट) के पद पर कार्यरत है। 2. यह कि प्रार्थी के कार्यकाल के दौरान, आरबीएल बैंक में हिन्द चेरिटेबल ट्रस्ट की संस्थाओं, जिनके नाम हिन्द इन्स्टीट्यूट आफ मेडिकल साइन्स, सफेदाबाद, बाराबंकी एवं हिन्द इन्स्टीट्यूट आफ मेडिकल साइन्स, सीतापुर, अटरिया है, के नाम से खातें खोले गए थे। 3. उक्त दोनों संस्थाओं के खाते डा. अमोद कुमार सचान, जो स्वयं को इन संस्थाओं का चेयरमैन बताते थे, ने अपनी पत्नी श्रीमती ऋचा मिश्रा के साथ मिलकर खुलवाये थे। उक्त खातें खुलवाते समय डा. अमोद कुमार सचान ने एक ट्रस्ट डीड की छायाप्रति एवं अन्य केवाईसी दस्तावेज प्रस्तुत किए थे, जो कि उनके एवं श्रीमती ऋचा मिश्रा द्वारा स्वप्रमाणित किये गये थे। 4. यह कि दिनाँक 29.08.2022 को आरबीएल बैंक की उपरोक्त ब्रान्च में हिन्द इन्स्टीट्यूट आफ मेडिकल साइन्स, सफेदाबाद, बाराबंकी का खाता सं0 3099360XXXXX खुलवाते समय डा. अमोद कुमार सचान एवं उनकी पत्नी श्रीमती ऋचा मिश्रा द्वारा भरे गये एकाउन्ट ओपनिग फार्म, केवाईसी प्रपत्र एवं उपलब्ध करवायी गयी हिन्द चेरिटेबल ट्रस्ट की ट्रस्ट डीड की छायाप्रतियां संलग्नक सं0-1 के रूप में प्रार्थना-पत्र के साथ सलग्न है। 5. यह कि आरबीएल बैंक को दिनाँक 13.03.2026 को श्री बृज किशोर सिंह द्वारा हस्ताक्षरित एक पत्र इस आशय का प्राप्त हुआ कि डा. अमोद कुमार सचांन के विरूद्ध थाना कैंसरबाग में वित्तीय गबन के आरोप में एक प्रथम सूचना रिर्पोट सं 22/2026 में पंजीकृत हुई है एवं उनको हिन्द चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन के पद से हटा दिया गया है साथ ही श्री बृज किशोर सिंह द्वारा प्रार्थी के बैंक में डा. अमोद कुमार सचांन द्वारा हिन्द चेरिटेबल

ट्रस्ट के खुलवाये गये खातों में लगे प्रपत्रो की माँग भी की गयी थी। 6. यह कि तदोपरान्त दि 16.03.2026 को प्रार्थी को उपरोक्त प्रथम सूचना रिर्पोट सं 22/2026, थाना कैसरबाग, लखनऊ के विवेचनाधिकारी का भी एक पत्र प्राप्त हुआ जिसके माध्यम से हिन्द चेरिटेबल ट्रस्ट का पैन कार्ड उपलब्ध करवाते हुये उसके सभी खातों के संचालन पर रोक लगाये जाने का निर्देश दिया गया था अतः आरबीएल बैंक के मुख्यालय द्वारा पुलिस के निर्देशों पर हिन्द चेरिटेबल ट्रस्ट के पैन नम्बर के आधार पर उसके सभी खाते का संचालन स्थगित कर दिया/गया एवं उक्त खातों को नो-डेबिट कर दिया गया। पत्राक दिनाँक 16.03.2026 की छायाप्रति संलग्नक सं0-2 के रूप में वर्तमान प्रार्थना-पत्र के साथ सलग्न है। 7. यह कि आरबीएल बैंक को हिन्द चेरिटेबल ट्रस्ट की उपलब्ध करवायी गयी ट्रस्ट डीड दि 13.11.2004 की प्रमाणित प्रति एवं अन्य प्रपत्रों के अवलोकन से यह ज्ञात हुआ कि हिन्द चेरिटेबल ट्रस्ट के खातें खुलवाने में डा. अमोद कुमार सचांन एवं श्रीमती ऋचा मिश्रा ने जो ट्रस्ट डीड स्वप्रमाणित करके बैंक को दी थी, उक्त ट्रस्ट डीड, मूल ट्रस्ट डीड की छायाप्रति में कूटरचना करके सिर्फ ड. अमोद कुमार सचांन एवं श्रीमती ऋचा मिश्रा को ही ट्रस्टी दिखाते हुये बनायी गयी थी एवं जाली ट्रस्ट डीड थी जबकि मूल ट्रस्ट डीड में उनके अतिरिक्त पाँच अन्य ट्रस्टी बृज किशोर सिंह, श्रीमती सुशीला चौधरी, श्री हरीश चन्द्र, श्री सुनील कुमार वर्मा एवं श्रीमती मधु चौधरी भी थे। हिन्द चेरिटेबल ट्रस्ट की मूल ट्रस्ट डीड दि 13.11.2004 की प्रमाणित प्रति की छायाप्रति संलग्नक सं0-3 के रूप में वर्तमान प्रार्थना-पत्र के साथ सलग्न है। 8. यह कि प्रार्थी के बैंक द्वारा हिन्द चेरिटेबल ट्रस्ट के सभी खातों के संचालन पर पुलिस के निर्देशों से रोक लगाये जाने की कार्यवाही से क्षुब्द्ध होकर डा. अमोद कुमार सचान ने प्रार्थी को दि 17.03.2026 की रात लगभग दस बजे उसके मोबाईल नम्बर 98395XXXXX पर अपने मोबाईल नम्बर 99360XXXXX से फोन करके ट्रस्ट के बैंक खातों के संचालन पर रोक लगाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये तुरन्त खोलने के लिये कहा जिस पर प्रार्थी ने उनको कैंसरबाग थाने की पुलिस के द्वारा प्राप्त निर्देशों से अवगत करवाते हुये बैंक के मुख्यालय से रोक लगाये जाने की वजह से खातें खुलवाने में अपनी अस्मर्थता व्यक्त की यह सुनकर डा. अमोद कुमार सचांन ने नाराज होकर प्रार्थी को अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुये परिवार सहित जान से मार देने एवं लखनऊ में न रहने देने और न ही नौकरी करने देने की धमकी दी जिसकी रिकार्डिंग भी मौजूद है। इस घटना से प्रार्थी एवं उसका परिवार अत्यंत भयभीत हैं तथा उसकी जान-माल की सुरक्षा को गंभीर खतरा है। 9. यह कि इससे स्पष्ट है डा.

अमोदं कुमार संचांन एवं उनकी पत्नी श्रीमती ऋचा मिश्रा द्वारा छल एवं कपटपूर्वक हिन्द चेरिटेबल ट्रस्ट की मूल ट्रस्ट डीड की छायाप्रति में कूटरचना करके हिन्द चेरिटेबल ट्रस्ट की संस्थाओं, हिन्द इन्स्टीट्यूट आफ मेडिकल साइन्स, सफेदाबाद, बाराबंकी एवं हिन्द इन्स्टीट्यूट आफ मेडिकल साइन्स, सीतापुर, अटरिया के आरबीएल बैंक, इन्दिरा नगर ब्रान्च में खाते खुलवाये गये और वित्तीय गबन का अपराध कारित किया गया और इसकी जानकारी होने पर जब आरबीएल बैंक में कूटरचित ट्रस्ट डीड से खाले गये खातों के संचालन पर कैसरबाग थाने की पुलिस के निर्देशों पर बैंक के मुख्यालय के द्वारा रोक लगाकर उनको नो-डेबिट कर दिया गया तो प्रार्थी को फोन पर उसके परिवार सहित जान से मार देने की धमकी देने का अपराध कारित किया गया है। 10. यह कि प्रार्थी के द्वारा उक्त घटना के सम्बन्ध में एक शिकायती पत्र, थानाध्यक्ष, थाना गाजीपुर को दिया गया था परन्तु उक्त शिकायती पत्र पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। 11. यह कि प्रार्थी ने दिनांक 30.03.2026 को एक शिकायती प्रार्थना-पत्र, श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय को रजिस्टर्ड डाक से भी प्रेषित कर थानाध्यक्ष थाना गाजीपुर को प्रार्थी की शिकायत पर प्रथम सूचना रिर्पोट दर्ज करने हेतु निर्देशित करने का अनुरोध किया था, उक्त प्रार्थना पत्र दि 30.03.2026 एवं रसीद की छायाप्रतिया संलग्नक सं0-4 के रूप में प्रार्थना-पत्र के साथ सलग्न है। परन्तु उक्त शिकायती प्रार्थना-पत्र पर भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। अतः माननीय न्यायालय से प्रार्थना है कि थानाध्यक्ष गाजीपुर, लखनऊ को निर्देशित करे कि वह प्रार्थी के प्रार्थना-पत्र पर ड. अमोद कुमार सचान एवं उनकी पत्नी श्रीमती ऋचा मिश्रा के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिर्पोट पंजीकृत करके विवेचना करें व अभियुक्तगणों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करें तथा प्रार्थी व उसके परिवार की जान-माल की रक्षा की जाए। लखनऊ दिनांक:- 02.04.2026 हस्ताक्षर अंग्रेजी अपठनीय प्रार्थी मलय मोहन........नोटः- FIR की कायमी म0का0 माला देवी द्वारा की गयी एवं कायमी के आधार पर FIR की फीडिंग का0 अरविन्द यादव द्वारा किया गया। (अलावा तकनीकी त्रुटि के)

**13. Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**

**(की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):**

**(1)**

**Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया):** / **or ( या)**

**(2)** **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** Archana **Rank (पद):** उपनिरीक्षक/ अवर निरीक्षक

**No. (सं.):** 194071800 **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

**(3)** **Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

**(4)** **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).**

**F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)**

**R.O.A.C. (आर.ओ.ए.सी.)**

**Signature of Officer in charge, Police Station (थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**14.** **Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)**

**Name (नाम):** RAJESH KUMAR MAURYA

**Rank (पद):** I (Inspector)

**No. (सं.):** 122270103

**15.** **Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: ( If known / seen )**

**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S. No. (क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height (cms) (कद (से.मी.)) | Complexion (रंग) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** |
| 1 | पुरुष | 1991 | | - | | **चेचक:** नहीं |
| 2 | महिला | 1991 | | - | | **चेचक:** नहीं |

| Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eye (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit (s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| **8** | **9** | **10** | **11** | **12** | **13** |
| | | | | | |
| | | | | | |

| **Language/ Dialect (भाषा/बोली)** | **Place of (का स्थान)** | | | | | **Others (अन्य)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **Burn Mark (जले हुए का निशान)** | **Leucoderma (लुकोदेर्मा( सफ़ेद धब्बे))** | **Mole (मस्सा)** | **Scar (घाव)** | **Tattoo (गूदे हुए का)** | |
| **14** | **15** | **16** | **17** | **18** | **19** | **20** |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**

**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)**